# भोपाल पुलिस दर्ज एफआईआर की करे जांच : हाईकोर्ट

▸ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी संबंधी मामले में बाहर आया फैसला

**जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के नाम से वायरल कथित फर्जी पत्र और एमपी कांग्रेस आईटी सेल के तीन कार्यकर्ताओं की कथित अवैध हिरासत के मामले में दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं का निराकरण कर दिया.**

न्यायालय ने अपने सुरक्षित फैसले को सार्वजनिक करते हुए निर्देश दिये है कि भोपाल पुलिस दर्ज एफआईआर की विधिवत जांच जारी रखे। साथ ही राजस्थान पुलिस के अधिकारी सज्जन सिंह के खिलाफ विभागीय जांच को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने के भी निर्देश दिए गए हैं। दरअसल, बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं में आरोप लगाया गया था कि भोपाल निवासी मप्र कांग्रेस आईटी सेल के सदस्य बिलाल खान, निखिल प्रजापति उर्फ अतुल प्रजापति और इनाम अहमद को भोपाल साइबर क्राइम



थाने में दो दिन तक बिना मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किए अवैध रूप से हिरासत में रखा गया। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने तीनों युवकों के बयान दर्ज कराने और संबंधित सीसीटीवी फुटेज पेश करने के निर्देश दिए थे। युवकों के बयानों के आधार पर न्यायालय ने पुलिस कमिश्नर भोपाल को कार्रवाई के निर्देश दिये, जिसके बाद एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। अंतिम सुनवाई में युगलपीठ ने कहा कि बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं का उद्देश्य पूरा चुका है, इसलिए उनका निराकरण किया जाता है। साथ ही स्पष्ट किया कि संबंधित पक्ष कथित अवैध हिरासत के आधार पर सक्षम न्यायालय में मुआवजा या अन्य विधिक राहत मांगने के लिए स्वतंत्र रहेगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता हरजस सिंह छाबड़ा ने पक्ष रखा।

## ▸ बाघों को कैनाइन डिस्टेंपर वायरस से बचाने दो हजार श्वान को वैक्सीनेशन

**जबलपुर।** कान्हा नेशनल पार्क में कैनाइन डिस्टेंपर वायरस बाघों की संदिग्ध मौत की चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से बताया गया कि वायरस की रोकथाम के लिए कान्हा नेशनल पार्क में के सीमावर्ती क्षेत्रों में दो हजार श्वानों को वैक्सीनेशन किया गया है। याचिका की सुनवाई के दौरान उठाए गए तीन मुद्दो पर हाईकोर्ट जस्टिस आनंद पाठक तथा जस्टिस वी पी शर्मा की युगलपीठ ने केंद्र व राज्य सरकार को जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 17 अगस्त को निर्धारित की है। मुम्बई के चेम्बूर निवासी अधिवक्ता सुब्रत चक्रवर्ती की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया है कि कान्हा टाइगर रिजर्व में लगातार बाघों की मौत हो रही है। अप्रैल माह में कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघिन सुनैना और बाघिन अमाही तथा उसके चार अर्धवयस्क शावक की मौत हो गयी। रिपोर्ट के अनुसार मौतों से पहले उनकी शारीरिक स्थिति में स्पष्ट गिरावट देखी गयी गयी। इन मौतों का कारण संदिग्ध कैनाइन डिस्टेंपर वायरस माना गया। एक और युवा नर बाघ महावीर की भी 19 मई 2026 को मृत्यु हो गई। उसकी मृत्यु का कारण संभावित कैनाइन डिस्टेंपर वायरस बताया गया है। इसी समय-सीमा के दौरान दो वयस्क नर बाघों की बालाघाट और किसली क्षेत्रों में मृत पाए गए। अकेले कान्हा टाइगर रिजर्व में ही एक महीने के समय में आठ बाघों की मौत हुई है। याचिका में कहा गया था कि कान्हा टाइगर रिजर्व में प्रायः लुप्त रॉयल बंगाल टाइगर की आबादी की सुरक्षा करना है। इसके लिए वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 तथा राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के द्वारा निर्धारित मापदंड निर्धारित किये गये है। नियमों का पालन नहीं किया जाने के कारण बाघों की मौत में इजाफा हुआ है। टाइगर रिजर्व के भीतर कैनाइन डिस्टेंपर वायरस से बाघों की मृत्यु का सिलसिला वर्तमान जारी है। याचिका में राहत चाही गयी है कि निवारण और निगरानी संबंधी उपायों का पालन सुनिश्चित किया जाये। पिछली सुनवाई के दौरान युगलपीठ ने केंद्र व राज्य सरकार को निर्देशित है कि बाघों की सुरक्षा के लिए निवारक और उपचारात्मक उपायों करें। कैनाइन डिस्टेंपर वायरस की रोकथाम के लिए डॉग को कोरेंटाइन व वैक्सीनेशन किया जाये।

## छपते-छपते

# जूता फैक्ट्री में आग से 28 की मौत

**बीजिंग। 09 जुलाई। चीन के फुजियान प्रांत के जिनजियांग शहर में गुरुवार दोपहर एक जूता निर्माण फैक्ट्री में भीषण आग लगने से 28 लोगों की मौत हो गई। आग दोपहर करीब 12 बजे लगी और देखते ही देखते फैक्ट्री की निचली मंजिलों में फैल गई।**



आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि इमारत में मौजूद कई लोग अपनी जान बचाने के लिए खिड़कियों और छत की ओर भागते दिखाई दिए।चीन के आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने घटना के बाद राहत एवं बचाव कार्यों के लिए एक संयुक्त कार्यदल जिनजियांग भेजा है। दमकल और बचाव दल मौके पर पहुंचकर आग बुझाने, इमारत में फंसे लोगों को निकालने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुटे रहे। अधिकारियों के अनुसार कुछ लोगों के फैक्ट्री के भीतर फंसे होने की भी सूचना मिली थी, जिनसे संपर्क टूट गया था। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को बचाव अभियान में हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जल्द से जल्द जांच की जाए और लापरवाही या नियमों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने बताया कि राहत कार्य के साथ-साथ आग लगने के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आग किस वजह से लगी। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में लेकर जांच एजेंसियों को मौके पर तैनात किया है। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2025 में हांगकांग के कई टावर ब्लॉकों में भीषण आग लगने से 168 लोगों की मौत के बाद चीन ने ऊंची इमारतों और औद्योगिक परिसरों में अग्नि सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान शुरू किया था। इसके बावजूद यह हादसा एक बार फिर औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों और अग्नि सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। फिलहाल राहत एवं बचाव अभियान जारी है और प्रशासन ने मृतकों की पहचान तथा घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की पुष्टि की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



# तृणमूल कांग्रेस के 3 पूर्व सांसद बीजेपी में शामिल

**नई दिल्ली। 09 जुलाई। पश्चिम बंगाल की सियासत में तृणमूल कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के तीन पूर्व राज्यसभा सांसद—सुष्मिता देव, सुखेंदु शेखर रॉय और प्रकाश चिक बड़ाईक—गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।**

**ममता बनर्जी को बड़ा झटका**

कोलकाता स्थित भाजपा के साल्ट लेक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने तीनों नेताओं को पार्टी का झंडा और पटका पहनाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई। इन तीनों नेताओं ने पिछले महीने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया था। इनके इस्तीफे के बाद संबंधित राज्यसभा सीटें रिक्त हो गई थीं। चुनाव आयोग ने इन तीनों सीटों पर 24 जुलाई को उपचुनाव कराने की घोषणा की है। जानकारी के अनुसार, सुखेंदु शेखर रॉय और प्रकाश चिक बड़ाईक का राज्यसभा कार्यकाल सितंबर 2029 तक था, जबकि सुष्मिता देव का कार्यकाल अप्रैल 2030 तक शेष था।भाजपा में शामिल होने के बाद इन नेताओं के राजनीतिक भविष्य और आगामी उपचुनाव को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने तीनों का स्वागत करते हुए इसे पार्टी के लिए महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम बताया।

# एनकाउंटर में नांदल गैंग के 4 शूटर ढेर

**गुरुग्राम, 09 जुलाई।** हरियाणा के गुरुग्राम में गुरुवार रात पुलिस और दीपक नांदल गैंग के शूटरों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में चार कुख्यात अपराधी मारे गए, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान गुरुग्राम पुलिस के तीन पुलिसकर्मी भी गोली लगने से घायल हुए हैं। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

**3 पुलिसकर्मी घायल**

पुलिस के अनुसार, दीपक नांदल गिरोह के शूटर सुशांत लोक फेज-2 स्थित एसजीटी यूनिवर्सिटी के संस्थापक के बेटे और कारोबारी विशाल बेरी के घर पर फायरिंग करने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि गैंग ने विशाल बेरी से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी और विदेश में बैठे गैंगस्टर दीपक नांदल की ओर से उन्हें लगातार धमकी भरे संदेश भेजे जा रहे थे। क्राइम ब्रांच को कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध स्कॉर्पियो में हथियारबंद बदमाश इलाके में मौजूद हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो बदमाश विशाल बेरी के घर पर अत्याधुनिक हथियारों से फायरिंग कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन आरोपियों ने पुलिस पर ही गोलियां चला दीं और भागने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में स्कॉर्पियो सवार पांचों शूटर घायल हो गए। उन्हें तुरंत निजी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चार को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक का इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी क्राइम और डीसीपी ईस्ट मौके पर पहुंचे।

# 5 मिनट तक खौफ में रहीं नन्हीं जानें

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 09 जुलाई,** सं. शहर के आगर रोड स्टेट हाईवे स्थित रेलवे गेट क्रमांक 59 (जयनगर के पास) पर बुधवार दोपहर एक बार फिर बड़ी लापरवाही सामने आई. स्कूल वैन चालक की जल्दबाजी और रेलवे गेटमैन की हठधर्मिता के कारण दर्जनों स्कूली बच्चों की जान दांव पर लग गई. ट्रेन आने के वक्त वैन बीच पटरियों पर फंस गई, और इस बेहद संवेदनशील स्थिति में भी जिम्मेदार अपनी गलती सुधारने के बजाय आपस में उलझते रहे. यदि स्थानीय लोग तत्परता नहीं दिखाते, तो एक भीषण और दिल दहला देने वाला



हादसा घटित हो सकता था.

जैसे ही वैन पटरियों के बीच फंसी, गेटमैन और मैजिक चालक के बीच तीखी बहस और चिल्लाचोट शुरू हो गई. हैरानी की बात यह रही कि इस बेहद खतरनाक मोड़ पर जब कभी भी ट्रेन आ सकती थी, दोनों पक्ष करीब 4 से 5 मिनट तक अपनी हठधर्मिता पर अड़े रहे और मौके पर तमाशा चलता रहा. इस पूरी बहसबाजी के दौरान सहमे और डरे हुए मासूम बच्चे वैन के अंदर ही बैठे रहे. उन्हें बाहर निकालने तक की जहमत नहीं उठाई गई.

## आरटीआई के तहत नहीं मिल रही गौशाला की जानकारी

**पाथाखेड़ा।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा संचालित गौशाला में मवेशियों के संरक्षण एवं रखरखाव के नाम पर किए गए व्यय, भुगतान राशि तथा कार्यों के विवरण को लेकर पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। कांग्रेस नगर अध्यक्ष माया वर्मा के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत नगर पालिका परिषद से गौशाला संचालन से संबंधित विभिन्न जानकारियां मांगी गई थीं, जिनमें मवेशियों के चारे, भुगतान, कार्यों के निष्पादन तथा संबंधित एजेंसियों एवं व्यक्तियों को किए गए भुगतानों का विवरण शामिल था।

## ओलंपस हाई स्कूल में आज होगा ध्रुपद गायन का विशेष आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार के उद्देश्य से स्पिक मैके के विदिशा अध्याय एवं ओलंपस हाई स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सुबह 10 बजे विद्यालय परिसर में ध्रुपद गायन का विशेष सांस्कृतिक आयोजन किया जाएगा.कार्यक्रम में देश के सुप्रसिद्ध ध्रुपद गायक पंडित प्रशांत मल्लिक एवं पंडित निशांत मल्लिक अपनी गंभीर एवं सुमधुर गायन शैली से भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्राचीन ध्रुपद परंपरा की प्रस्तुति देंगे.

## पटवारी संघ ने मांगों का ज्ञापन सौंपा

**बैतूल।** मप्र पटवारी संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान के अंतर्गत जिला अध्यक्ष मोहनलाल धुर्वे के नेतृत्व में जिले की समस्त तहसीलों के तहसील अध्यक्षों, तहसील सचिवों एवं पटवारियों ने मुख्यमंत्री के नाम से जिला प्रशासन को 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर संघ के जिला अध्यक्ष मोहनलाल धुर्वे ने कहा कि पटवारी संवर्ग की वर्षों से लंबित समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग करते हुए चेतावनी दी गई कि यदि समय रहते मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेश संगठन के आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

# बीपीएल योजना में 1 लाख की बाइक का झांसा

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 09 जुलाई,** का. जिले में साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं आमजन को साइबर ठगी से सुरक्षित रखने हेतु पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी (भापुसे) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी राजगढ़ अरविंद सिंह राठौर के निर्देशन में थाना प्रभारी कालीपीठ के नेतृत्व में थाना कालीपीठ पुलिस द्वारा साइबर ठगी के एक महत्वपूर्ण प्रकरण का सफल खुलासा करते हुए आरोपी को उत्तर प्रदेश के झांसी जिले से गिरफ्तार किया गया. आरोपी के कब्जे से 1 लाख 50 हजार नगद, 01 मोबाइल फोन एवं 02 सिम कार्ड बरामद किए गए.

आरोपियों ने योजना का लाभ दिलाने के नाम पर अलग-अलग मोबाइल नंबरों एवं के माध्यम से किस्तों में राशि जमा करवाई. जब ऑनलाइन भुगतान की सीमा समाप्त हुई तो फरियादी की पत्नी ने कालीपीठ स्थित कंप्यूटर सेंटर के माध्यम से भी राशि ट्रांसफर करवाई। इस प्रकार आरोपियों ने छलपूर्वक कुल ?1,50,017 की साइबर ठगी कर ली. फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कालीपीठ में अपराध क्रमांक 141/2026 अंतर्गत धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना कालीपीठ पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित की गई. टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, डिजिटल ट्रांजेक्शन, बैंक खातों, मोबाइल नंबरों एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया. विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी फर्जी सिम कार्ड एवं बैंक खातों का उपयोग कर भोले-भाले लोगों को सरकारी योजनाओं का झांसा देकर साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे. बेहतर तकनीकी विवेचना एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की लोकेशन जनपद झांसी (उत्तर प्रदेश) में प्राप्त हुई. पुलिस तत्काल उत्तर प्रदेश रवाना हुई तथा स्थानीय पुलिस के सहयोग से दबिश देकर आरोपी राघवेंद्र पिता रामस्वरूप कुशवाहा, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम खजराहा, थाना उल्दन, जिला झांसी (उ.प्र.) को गिरफ्तार किया. ट्रांजिट प्रक्रिया पूर्ण कर आरोपी को राजगढ़ लाया गया. पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से 1 लाख 50 हजार नगद, 01 मोबाइल फोन एवं 02 सिम कार्ड बरामद किए गए.

# अधिवक्ता संघ ने नवपदस्थ न्यायाधीश का किया स्वागत

▸ न्यायालय परिसर में विधिक साक्षरता शिविर भी आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई. सिरोंज न्यायालय से स्थानांतरित होकर सिविल न्यायालय वरिष्ठ खंड, कुरवाई में पदस्थ हुई व्यवहार न्यायाधीश प्रथम श्रेणी श्रीमती मौना शुक्ला पांडे का अधिवक्ता संघ द्वारा न्यायालय परिसर में स्वागत किया गया. इस अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश




आनंद गौतम, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड आयुष अरोरा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सैनी सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे.उल्लेखनीय है कि कुरवाई में पदस्थ व्यवहार न्यायाधीश प्रथम श्रेणी श्रीमती प्रियंका कुशवाह का स्थानांतरण सिरोंज न्यायालय में हो गया है. उनके स्थानांतरण पर न्यायालयीन कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई.विधिक साक्षरता शिविर में न्यायिक अधिकारियों ने पक्षकारों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी.

## संपर्क अभियान के तहत शिविर आज

**बैतूल।** विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र बैतूल ग्रामीण द्वारा 10 जुलाई को संपर्क अभियान के तहत कोलगांव में शिविर आयोजित किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र बैतूल ग्रामीण के सहायक प्रबंधक ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 10 बजे से आयोजित शिविर में क्लस्टर क्रमांक-1 कोलगांव पंचायत के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

# 17 लाख की लूट के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**गुना 9 जुलाई का। शहर के निचला बाजार इलाके में धनिया व्यापारी एजेंट वासुदेव शर्मा से हुई 17 लाख रुपए की सनसनीखेज लूट के मामले में गुना पुलिस ने महज 18 घंटों के भीतर बड़ी सफलता हासिल की है। इस हाईप्रोफाइल मामले में पुलिस ने दो मुख्य लुटेरों सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।**

सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि इस पूरी वारदात का मास्टरमाइंड कोई और नहीं, बल्कि पीड़ित मुनीम के मकान में



रहने वाला किराएदार ही था, जिसने पैसों की लालच में मुखबिरी की थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लूटी गई राशि में से 16 लाख 77 हजार 100 रुपए बरामद कर लिए हैं।

दरअसल, चौधरी मोहल्ला में जिस मकान में पीड़ित वासुदेव शर्मा किराए से रहते थे, उसी मकान में आरोपी विजय यादव भी किराएदार था।

विजय को पता था कि वासुदेव 8 जुलाई को राजगढ़ जिले के पचोर में धनिया बेचकर 17 लाख रुपए की मोटी रकम लेकर आने वाले हैं। विजय लगातार वासुदेव की रेकी कर रहा था और पल-पल की खबर अपने साथियों को दे रहा था। घटना के वक्त भी विजय के मोबाइल पर लगातार कॉल आ रहे थे।

वारदात को तीन शातिर युवकों-राघव शर्मा, सौरभ यादव और रुद्र गोस्वामी ने अंजाम दिया था। लूट के बाद आरोपियों के फोटो सीसीटीवी में कैद हो गए और सोशल मीडिया पर वायरल हो गए।

# न्याय न मिलने पर पीड़ित ने थाने के अंदर छिड़का पेट्रोल


**चंदेरा थाने में दिन भर बैठा रहा किसी ने नहीं सुनी**

**जतारा थाना परिसर में किया आत्मदाह का प्रयास**

**नवभारत न्यूज,**

**टीकमगढ़। न्याय न मिलने से खफा एक व्यक्ति ने जतारा थाना परिसर में पैट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने उसके हाथ से पैट्रोल की बोलत छीन ली और उसे समझाया। पीड़ित व्यक्ति द्वारा उसकी रिपोर्ट न लिखे जाने से उसकी नाराजगी बढ़ी और उसने ऐसा कदम उठाने की कोशिश की।**

दरअसल पूरा मामला चंदेरा थाने से जुड़ा है। इस थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम जेवर के रहने वाले पीड़ित आशाराम ने एक आवेदन पुलिस कप्तान के नाम दिया है। इस आवेदन में उन्होंने बताया कि बीती 8 जुलाई को सुबह तकरीबन 10



श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जी
टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ म.प्र.

विषय – जाति सूचक शब्दो से अपमानित कर घर में घुसकर पत्नि सहित दबंगों द्वारा नाजायज मारपीट एवं गांव में रहना दूभर गांव के दबंगों के कारण पुलिस थाना चंदेरा द्वारा कोई सुनवाई नही करने बावत।

महोदय,

विनय है कि प्रार्थी आशाराम तनय रतीराम बंशकार निवासी ग्राम जेवर थाना चंदेरा जिला टीकमगढ़ म.प्र. का निवासी है प्रार्थी दिनांक 08.07.2026 को सुबह 10 बजे अपने घर पर खाना खा रहा था कि राज पचौरी, रेशू उर्फ छोटू पचौरी, रमा पचौरी, हेमंत पचौरी एवं दो अज्ञात व्यक्तियो ने प्रार्थी के घर में घुसकर बोले [illegible] बसुट्टा साले हमारी लोकेशन हमारे रिश्तेदारों को देता है तथा लात घूसों से मारपीट कर दी तथा खोलिया से दाये हाथ पर मारा जिससे उसकी दाहनी बाह में खून आया तथा दाये पैर में डण्डा मार दिया तथा हॉकी से हमला किया प्रार्थी के चिल्लाने पर प्रार्थी की पत्नि भुमानीबाई ने बीच बचाव किया तो उसे भी धक्का मारकर लात घूसों से मारा जिससे उसके बाये पैर में चोट आ गई उक्त व्यक्ति गांव के दबंग है प्रार्थी घटना की रिपोर्ट करने प्रार्थी पत्नि सहित चंदेरा थाना गया जिसमें प्रार्थी की रिपोर्ट नही ली तथा कोई सुनवाई नही की है उनके भय के एवं खौफ के कारण प्रार्थी पत्नि सहित पेट्रोल पंप जतारा पर रात्रि व्यतीत कर श्रीमान के समक्ष निवेदन करने आया है।

अतः श्रीमान जी से विनय है कि प्रार्थी को एवं उसकी पत्नि को जाति सूचक शब्दो से अपमानित कर घर में घुसकर मारपीट कर गांव में नही रहने दे रहे है गांव के दबंग है इसलिए थाना में कोई सुनवाई नही हो रही है अतः प्रार्थी की सुरक्षाकर वैधानिक कार्यवाही करने की कृपा करें।

दिनांक

स्थान टीकमगढ़

प्रार्थी
आशाराम तनय रतीराम बंशकार
निवासी ग्राम जेवर थाना चंदेरा
जिला टीकमगढ़ म.प्र.
मो.नं. 9179943220

शिकायत शाखा
पुलिस कार्यालय, टीकमगढ़



बजे वह अपने घर था, तभी गांव के राज पचौरी, रेशू उर्फ छोटू पचौरी, रमा पचौरी, हेमंत पचौरी एवं अन्य दो लोग उसके घर आए और उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित करना शुरू कर दिया है। पीड़ित ने बताया इस समय वह खाना खा रहा था। पीड़ित ने आवेदन में जिक्र किया कि आरोपित व्यक्तियों द्वारा उससे कहा गया कि हमारी लोकेशन हमारी रिश्तेदारों को बताता है और फिर उससे मारपीट शुरू कर दी। साथ दाहिने हाथ पर किसी वस्तु से हमला कर दिया। इस कारण आशाराम के हाथ से खून आने लगा। इसके बाद पीड़ित आशाराम के पैर पर डंडों एवं हॉकी से भी मारपीट की। इसी शिकायत को लेकर आशाराम चंदेरा थाने पहुंचा जहां उसने अपनी पूरी पीड़ा यहां पुलिस को सुनाई। दिन भर गुजर जाने के बाद जब उसकी सुनवाई नहीं हुई, तो वह डर के मारे गांव नहीं पहुंचा और उसने पूरी रात जतारा में पैट्रोल पंप पर बिताई। पीड़ित ने बताया कि इस पूरी घटनाक्रम के दौरान उसकी पत्नी भी उसके साथ थी। इसके बाद पीड़ित टीकमगढ़ पहुंचा जहां पुलिस कप्तान के नाम उसकी शिकायत दी। शिकायत देने के बाद दुवारा वह जतारा थाने पहुंचा और न्याय की गुहार लगाई, परन्तु मामला जतारा का न होने के कारण पुलिस ने उसकी नहीं सुनी।

इसी बात से खफा होकर आशाराम ने एक प्लास्टिक की बोतल से अपने ऊपर पैट्रोल छिड़ककर आत्मदाह की कोशिश कर डाली। हालांकि वहां मौजूद लोगों एवं पुलिसकर्मियों ने उसे बचा लिया। इस पूरे मामले को लेकर पुलिस के अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। चंदेरा थाना प्रभारी रश्मि जैन ने फोन नहीं उठाया। पुलिस कप्तान मीडिया से बात करना उचित नहीं समझते शायद इसीलिए ऐसी वारदातों में लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

**पूरे दिन थाने में रहा, रात पेट्रोल पम्प पर गुजारी**

पीड़ित शिकायतकर्ता आशाराम ने बताया कि दबंगों ने उसके साथ घटना को अंजाम दिया, लेकिन दिन भर चंदेरा थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं कि इसीलिए उसका डर और बढ़ गया, जिस कारण वह जेवर गांव नहीं पहुंचा और रात जतारा थाने के पास स्थित पैट्रोल पंप पर पत्नी के साथ गुजारने को मजबूर होना पड़ा। पीड़ित ने कहा कि पुलिस न्यायपालिका नहीं, लेकिन एफआईआर दर्ज करने में उनको क्या दिक्कत है।

# अंडरग्राउंड नाले में जा गिरा बाइक सवार

**नवभारत न्यूज**

**टीकमगढ़। सुभाष पुरम कॉलोनी में नगर पालिका के अधूरे अंडरग्राउंड नाले के निर्माण कार्य के कारण गुरुवार को एक हादसा हो गया। बारिश के पानी से भरे खुले चैंबर में बाइक सहित एक युवक गिर जाने का मामला आया है।**

आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत युवक को बाहर निकाला, जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि, उसकी बाइक पूरी तरह से नाले में डूब गई थी। सूचना मिलने पर नगर पालिका ने जेसीबी मशीन बुलाकर बाइक को गड्ढे से बाहर निकाला। यह घटना वार्ड नंबर 18 में पानी की निकासी के लिए डाली जा रही अंडरग्राउंड पाइपलाइन के अधूरे काम के कारण हुई। करीब तीन महीने पहले सड़क की खुदाई शुरू की गई थी, जिसे बारिश से पहले पूरा किया जाना था। नगर पालिका की लापरवाही के चलते यह काम अभी तक अधूरा है और



जगह-जगह चैंबर खुले पड़े हैं।स्थानीय कांग्रेस जिला कोषाध्यक्ष सुनील भाईजी ने बताया कि यह हादसा उनके घर के पास हुआ। पूरी सड़क पर बारिश का पानी भर जाने से खुले चैंबर दिखाई नहीं देते, जिससे ऐसे हादसे हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नगर पालिका ने समय पर काम पूरा किया होता तो यह परेशानी नहीं होती।वर्तमान में पूरी सड़क दलदल में बदल गई है, जिससे आसपास के लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर पालिका के इंजीनियर कभी निर्माण कार्य का निरीक्षण करने नहीं आते।वहीं इस मामले में नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया का कहना है कि पाइपलाइन डालने का काम पूरा हो गया है। सड़क की मरम्मत भी चल रही है। खुले चैंबर के आसपास सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।